<u>अपठित गद्यांश</u>

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

सिने जगत के अनेक नायक-नायिकाओं, गीतकारों, कहानीकारों और निर्देशकों को हिन्दी के माध्यम से पहचान मिली है । यही कारण है कि गैर-हिन्दी भाषी कलाकार भी हिन्दी की ओर आए हैं । समय और समाज के उभरते सच को परदे पर पूरी अर्थवत्ता में धारण करने वाले ये लोग दिखावे के लिए भले ही अंग्रेजी के आग्रही हों, लेकिन बुनियादी और जमीनी हकीकत यही है कि इनकी पूँजी, इनकी प्रतिष्ठा का एकमात्र निमित्त हिन्दी ही है । लाखों-करोड़ों दिलों की धड़कनों पर राज करने वाले ये सितारे हिन्दी फ़िल्म और भाषा के सबसे बड़े प्रतिनिधि हैं ।

क) हिन्दी के माध्यम से किनको पहचान मिली है ?

ख) कौन लोग दिखावे के लिए अंग्रेजी के आग्रही हैं ?

ग) किनकी पूँजी और प्रतिष्ठा का एक मात्र निमित्त हिन्दी ही है ?

घ) हिन्दी फ़िल्म और भाषा के सबसे बड़े प्रतिनिधि कौन हैं ?

ङ) उपर्लिखित गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

** Do this in your Hindi Grammar copy.